पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से नैक में 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति तथा नैक तैयारियों के लिए गठित टीम के सदस्यों ने मुलाकात की

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक ग्रेडिंग के पहले प्रयास में उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त करने के लिए दी बधाई

विश्वविद्यालय में नैक हेतु कार्यों को समग्रता से जारी रखा जाए

नए शिक्षकों को जोड़कर इन कार्यों के लिए उन्हें भी प्रशिक्षित किया जाए

शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति के साथ गुणवत्ता बनाए रखें

क्यू0एस0वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए भी अग्रसर हों

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 28 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहाँ राजभवन में ए प्लस नैक ग्रेड प्राप्त हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 समशेर तथा नैक तैयारियों के लिए गठित विश्वविद्यालय की टीम के सदस्यों ने मुलाकात की। कुलपति एवं टीम के सभी सदस्यों ने नैक में उच्च ग्रेड प्राप्ति के लिए प्रेरित करने और व्यापक दिशा–निर्देश

देने हेतु राज्यपाल जी का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल जी ने टीम के सभी सदस्यों से समस्त क्राइटेरिया वाइज तथा विश्वविद्यालय की समस्त गुणवत्ता सुधार के लिए चरणबद्ध तैयारियों, समग्र योगदानों को समग्रता से जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की नैक ग्रेडिंग की टीम में नए शिक्षकों को जोड़कर इस कार्यों के लिए उन्हें भी प्रशिक्षित किया जाए।

राज्यपाल जी ने टीम के सभी सदस्यों को प्रदत्त जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करके पहले प्रयास में उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने और शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति के साथ गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विश्वविद्यालय की टीम को कमियाँ दूर करके उच्चतम ग्रेड के लिए प्रयास करने तथा आगामी क्रम में क्यू0एस0वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए अग्रसर होने को कहा। राज्यपाल जी ने नैक तैयारियों हेतु क्राइटेरिया वाइज गठित विश्वविद्यालय की टीम के प्रत्येक सदस्य से तैयारियों और नैक की पियर टीम के भ्रमण के अनुभव भी पूछे। कुलपति प्रो0 समशेर ने राज्यपाल जी को बताया कि राजभवन में नैक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा और राज्यपाल जी से प्रत्येक बिंदु पर समुचित दिशा–निर्देश ने विश्वविद्यालय की तैयारियों को उच्चतम गुणवत्ता तक पहुँचाया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त राज्यपाल जी के प्रयास से नैक मंथन कार्यशाला में प्रतिभागिता, अन्य राज्यों में भ्रमण, राजभवन में 20 देशों के भारतीय राजदूतों से मुलाकात और विचार–विमर्श जैसी गतिविधियों से विश्वविद्यालय में नैक क्राइटेरिया में वांछित गुणवत्ता सुधार कर सकने की क्षमता हुई। उन्होंने विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता की चर्चा भी राज्यपाल जी से की। टीम के अन्य सदस्यों ने भी तैयारियों के लिए किए गए विशेष प्रयासों की चर्चा राज्यपाल जी से की।

गौरतलब है कि प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बतौर कुलाधिपति प्रदेश के विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संसथानों में गुणवत्ता सुधार के अपने मैराथन प्रयासों में प्रत्येक विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से नैक ग्रेडिंग कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके अथक प्रयासों, गहन समीक्षाओं, व्यापक दिशा–निर्देशों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के चलते प्रदेश के 05 विश्वविद्यालय नैक का उच्चतम ग्रेड 'ए प्लस प्लस' प्राप्त कर चुके हैं। विश्वविद्यालयों ने 'ए

प्लस' और 'ए' ग्रेड भी प्राप्त किया है। पहली बार प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा भी नैक के लिए प्रयास करना और सी0एस0ए0, कानुपर को देश के 74 कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार सर्वप्रथम

नैक एक्रीडेटड होने की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ भी हासिल हुई हैं। अनेक विश्वविद्यालय स्वयं को श्रेष्ठतम सिद्ध करने की सभी तैयारियों के साथ नैक के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल कर चुके हैं। राज्यपाल जी द्वारा लगातार शेष विश्वविद्यालयों को भी दिशा–निर्देश प्रदान करने हेतु समीक्षा बैठकों का क्रम जारी है। उनके प्रयासों के सुखद परिणाम आज उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधार के साथ परिलक्षित हैं।

———––

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361